प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

सुक्खू

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार धीरे–धीरे तेज होने लगा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए अपने चुनाव अभियान आज दूर–दराज क्षेत्र डोडरा–क्वार से शुरू किया। उन्होंने भाजपा पर ज़ोरदार हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने धन–बल से सत्ता को हथियाने का प्रयास किया है लेकिन भाजपा के इरादे कामयाब नहीं हो सके। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने पैसे के दम पर कांग्रेस के 6 विधायकों को अपने साथ मिलाया और राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट किया। उन्होंने कहा कि बिकाऊ नेता कभी भी जनसेवक नहीं बन सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग ने प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के फार्म भरने की मंजूरी दे दी है और एक जून को महिलाओं को 3 हज़ार रूपये की राशि उनके खाते में ट्रांसफर की जाएगी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने वर्तमान भाजपा सांसद सुरेश कश्यप पर आरोप लगाया कि वे आपदा के समय गायब रहे और ठियोग, रोहड़ू व जुब्बल–कोटखाई क्षेत्रों के विकास के लिए अपनी निधि एक रूपया भी नहीं दिया। इस दौरान शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने भी लोगों से जनसमर्थन मांगा।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है कि अनेक पार्टियों के कुछ सांसदों को एकत्रित करके अस्थिर सरकार व कमज़ोर प्रधानमंत्री बनाना है। आज सोलन में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यही कार्य पहले भी किया जिसके कारण देश को अस्थिरता के दौर से गुजरना पड़ा है। राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में छुपा एजेंडा बाहर निकल गया है और इसके मुताबिक भारत में अगर कांग्रेस की सरकार सत्ता में आएगी तो अमेरिका की तर्ज पर देशवासियों की सम्पति पर वैल्थ टैक्स लगेगा और सम्पत्ति स्थानांतरण पर भी भारी मात्रा में कर देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र विरासत भी–विकास भी और गरीब कल्याण महिला सम्मान, युवा उत्थान व किसान कल्याण के लिए मोदी की गारंटी है।

मारकंडा

विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच भाजपा के पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मारकंडा ने बताया कि वे 27 अप्रैल से लाहौल में चुनाव प्रचार अभियान शुरू करेंगे। रामलाल मारकंडा भाजपा के टिकट से चार बार चुनाव लड़ चुके हैं जिनमें से तीन बार उन्हें जीत मिली है। वर्ष 1998 में उन्होंने हीविंका के टिकट से पहली बार चुनाव लड़ा और जीत हासिल कर मंत्री बने थे। रामलाल मारकंडा द्वारा निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान करने के बाद लाहौल स्पीति निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। भाजपा ने यहां से कांग्रेस के बागी रवि ठाकुर को टिकट दिया है, इससे रामलाल मारकंडा नाराज चल रहे थे। लाहौल स्पीति में तिकोणा मुकाबला होने से विधानसभा उपचुनाव और रोचक हो गया है।

अविनाश खन्ना

प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने आज धर्मशाला में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आहवान कियां। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी चारों लोकसभा सीटों पर एक बार फिर भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। अविनाश राय खन्ना ने कहा कि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से मौजूदा सांसद किशन कपूर ने क्षेत्र के मुददों को हल करवाने के लिए भरसक प्रयास किए हैं और गग्गल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए काम करवाया। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में प्रदेश का पहला युनिटी मॉल बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में एक सौ 32 करोड़ रूपए मंजूर किए हैं। इस बीच अविनाश राय खन्ना ने बौद्व धर्म गुरू दलाई लामा से भी शिष्टाचार

विमोचन

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला में प्रदेश पैंशनर कल्याण एसोसिएशन की स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पैंशनधारकों ने प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन पैंशनधारकों के बीच सौहार्द व भाईचारे की भावना को बढ़ाने के साथ–साथ उनके कल्याण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। शिव प्रताप शुक्ल ने पैंशनधारकों के जीवन को और बेहतर बनाने के लिए एसोसिएशन की गतिविधियों व प्रयासों की सराहना भी की।

संजय अवस्थी

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि भाजपा नेता कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी लोगों पर कोई अवैध टैक्स नहीं लगाया और न ही किसी की सम्पति हड़पने का प्रयास किया। संजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा नेता मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे है और कांग्रेस के घोषणा पत्र से घबराए हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों व निर्णयों से परेशान है और आने वाले चुनावों में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी।

————————